भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3334

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

दुर्गापुर में एनएच-19 पर फ्लाईओवर का निर्माण

3334. श्री कीर्ति आज़ाद:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-19 पर ओल्ड कोर्ट क्रॉसिंग पर खतरनाक यातायात जाम और लगातार होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत है;

(ख) क्या सरकार को इस स्थान पर फ्लाईओवर के निर्माण के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो इसकी स्वीकृति और निर्माण कार्य आरंभ होने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) दुर्गापुर इस्पात संयंत्र तक जाने वाले यात्रियों और मालवाहक वाहनों के लिए यातायात को सुगम बनाने और सुरक्षा बढ़ाने हेतु अनुमति लेने में तेजी लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) निर्माण कार्य पूरा होने की प्रत्याशित समय-सीमा क्या है और इसका सुरक्षा एवं यातायात प्रवाह पर क्या प्रभाव पड़ने की प्रत्याशा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जनता, जिला प्राधिकरणों और जन प्रतिनिधियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार द्वारा चिह्नित दुर्घटना प्रवण स्थल (ब्लैकस्पॉट) के लिए एक स्थायी सुधार उपाय के रूप में, इस स्थान पर एक वाहन अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण को मंजूरी दी गई है। ग्रेट ईस्टर्न एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीईईसीएल) द्वारा मौजूदा गैस पाइपलाइन को जोड़ने/स्थानांतरित करने के पश्चात कार्य शुरू किया जाएगा।

(ग) मौजूदा गैस पाइपलाइन को जोड़ने/स्थानांतरित करने के मामले को जीईईसीएल के साथ प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि कार्य जल्दी शुरू किया जा सके।

(घ) कार्य शुरू होने की तिथि से 12 महीने के भीतर कार्य के पूर्ण होने की उम्मीद है। वीयूपी के निर्माण से यातायात की भीड़ में काफी कमी आएगी और उस स्थान पर दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करके सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।

*****